


## एक नजर में




### अनुमति रद्द : राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

**उज्जैन।** भारत मुक्ति मोर्चा का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन बालियात्रा लोअर ग्राउंड, कटक (ओडिशा) में प्रस्तावित था, जो ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) की जाति आधारित जनगणना के समर्थन में आयोजित किया जाना था। संगठन की ओर से अधिवेशन के लिए ओडिशा जिलाधिकारी, कटक महानगर पुलिस प्रशासन एवं संबंधित विभागों से सभी आवश्यक अनुमतियां दो माह पूर्व ही विधिसम्मत रूप से प्राप्त कर ली गई थीं। इसके बावजूद सरकार द्वारा अधिवेशन की अनुमति रद्द कर दी गई। इस निर्णय के विरोध में तथा ओबीसी की जाति आधारित जनगणना को लेकर संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा कोठी पैलेस स्थित संकुल भवन पर महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष गंगा मालवीय के नेतृत्व में सौंपा गया। मुकेश मालवीय ने बताया कि ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई है कि बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति तत्काल प्रभाव से पुन: बहाल की जाए। साथ ही अधिवेशन रद्द होने से संगठन व डेलीगेट्स को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई की जाए। ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से अनुच्छेद 356 के तहत संवैधानिक तंत्र की रक्षा के लिए ओडिशा राज्य सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग भी की गई। चेतावनी दी गई कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो दूसरे चरण में 15 जनवरी को कोठी पैलेस पर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस अवसर पर अजाक्स संगठन के संभागीय अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी, रणजीत सिंह मेहर, हिरा लाल एरवाल, अशोक मालवीय आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### सिद्धवट का भव्य नाट्य मंचन

**उज्जैन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में परिष्कृति सांस्कृतिक संस्था द्वारा वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश दवे द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक 'सिद्धवट' का प्रभावशाली मंचन कालिदास अभिरंग नाट्यगृह में सम्पन्न हुआ। प्रस्तुति ने संघ की स्थापना, विचारधारा तथा समाजसेवा में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को भावपूर्ण और सशक्त ढंग से मंच पर साकार किया। संस्कारभारती के अखिल भारतीय लोककला विधा संयोजक निरंजन पांडा ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि 'सिद्धवट' संघ के राष्ट्रप्रेम का सजीव चित्रण है। संजय श्रीवास्तव ने नये एवं वरिष्ठ कलाकारों के संतुलित समन्वय को प्रशंसनीय बताया। वहीं भोपाल रंगमंच के वरिष्ठ कलाकार राजीव श्रीवास्तव ने नाट्य प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। संस्कारभारती के अखिल भारतीय सहकोष संयोजक श्रीपाद जोशी, मुकेश जोशी तथा उद्योगपति रवींद्र पेंढारकर, पूर्व पार्षद संतोष व्यास भी उपस्थित रहे। नाट्य मंचन में सुदर्शन स्वामी, चितेन्द्र सिसोदिया, शशिधर नागर, रौनक शाक्य, गौरव रायकवार,अमित माथुर, शरद रावल, यश माने, सतीश चौरड़िया, मयंक वर्मा, सीमा धुलेकर एवं केतकी ओझा,वरेण्यं चौरे,यश कदम सहित अन्य कलाकारों ने सशक्त अभिनय से प्रस्तुति को यादगार बनाया। संचालन डॉ. हेमलता ओझा एवं दुर्गाशंकर सूर्यवंशी ने किया। जबकि आभार प्रदर्शन पूर्व डीएसपी प्रवीण ठाकुर द्वारा किया गया। जानकारी अमित माथुर ने दी।

### रोजगार मेले में 147 का प्रारंभिक चयन

**उज्जैन।** शासन के निर्देशानुसार युवाओं को निजीक्षेत्र में रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रतिमाह युव संगम (रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप मेले) का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, उज्जैन द्वारा किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 7 जनवरी 2026 को कलेक्टर के मार्गदर्शन में युवा संगम का आयोजन शासकीय कन्या महाविद्यालय उज्जैन परिसर में किया गया। कार्यक्रम में चंदन स्टील लिमिटेड गुजरात-23, भारत फाईनेशंन उज्जैन-12, पेपसीको उज्जैन-01, एसबीआई लाइफ उज्जैन 13, भागीरथ मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन 14, प्रतिभा स्वराज प्रा.लि.उज्जैन -15, एक्स मेक्स लाइफ उज्जैन 4, कटारिया ग्रुप-13, रेपिडो बाइक टेक्सी 12, स्किल्स काउंसिल इंडिया लिमिटेड एएसआईएस ग्रुप एंटरप्राइज राजस्थान-40 पदों पर साक्षात्कार लेकर प्राथमिक चयन किया गया। रोजगार मेले में 11 कंपनियों के 350 रिक्त पदों के लिए 335 युवक-युवतियों का पंजीयन किया गया जिसमें से 147 युवक युवतियो का प्रारंभिक चयन किया गया। इसके साथ ही जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 170 आवेदकों को काउंसिलिग कर उन्हें केरियर मार्गदर्शन व प्रारामर्श दिया गया। साथ ही आईटीआई उज्जैन के माध्यम से अप्रेंटिसशिप में 10 युवाओं का चयन किया गया। श्रम विभाग व जिला व्यापार एवं उघोग केन्द्र 13 द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई और स्वास्थ विभाग द्वारा 21 युवक युवतियों का स्वास्थ परीक्षण किया गया।

### भूतपूर्व सैनिक रैली कल

**उज्जैन।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप केप्टन विष्णु दत्त शर्मा ने जानकारी दी कि शुक्रवार 09 जनवरी को कालिदास संस्कृत अकादमी में राज्य स्तरीय भूतपूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा भी सहभागिता की जाना प्रस्तावित है।

# पहली बार हुआ पीने के पानी का भी ऑडिट

स्वच्छ परिसर-स्वस्थ छात्र कुलसचिव के निर्देशन में हुआ आयोजन, सम्राट विवि में सफाई व बोरिंग का हुआ तकनीकी परीक्षण-अभ्युदय के लिए सजधज कर तैयार विश्वविद्यालय






**उज्जैन।** जिस तरह शुद्ध हवा और स्वच्छ जल के लिए तमाम तरह के प्रयास किया जा रहे हैं वही सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय में पहली बार पीने के पानी का भी ऑडिट किया गया है और यह नवाचार जिस तरीके से किया है उसे काफी सराहा जा रहा है। मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित जल से जिस तरह मौत का तांडव सामने आया उसके बाद इस तरह के सुरक्षित उपाय को किए जाने की न सिर्फ आवश्यकता है। बल्कि छात्र-छात्राओं से लेकर आम जनों में भी जन जागृति आवश्यक है स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता न करें। सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में प्रारंभ होने जा रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव 'अभ्युदय' में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों और अतिथियों के स्वास्थ्य को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाते हुए उत्सव की भव्यता के साथ-साथ स्वच्छता और शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया गया। 8 से 10 जनवरी के बीच आयोजित इस महोत्सव में जुटने वाली भीड़ को देखते हुए विशेष निर्देश जारी किए हैं। आयोजन स्थलों पर निर्बाध पेयजल आपूर्ति और उच्च स्तरीय स्वच्छता बनाए रखने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स तैनात की गई है, जो आयोजन के तीनों दिन व्यवस्थाओं की निगरानी करेगी। डॉ. शर्मा ने कहा कि राज्य स्तरीय युवा उत्सव अभ्युदय हमारे लिए गौरव का अवसर है। हमने सुनिश्चित किया है कि हमारे विद्यार्थी एक सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। समस्त पेयजल स्रोतों और टंकियों के गहन निरीक्षण के बाद अब विश्वविद्यालय पूरी तरह सचेत और तैयार है।

### अभ्युदय उत्सव होगा-टंकियों की आधुनिक तरीके से सफाई

कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि अभ्युदय युवा उत्सव में पूरे प्रदेश से आने वाले सैकड़ों प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए केवल सतही सफाई नहीं, बल्कि गहरा तकनीकी निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के मुख्य केंद्र के अंतर्गत व्यापक ऑडिट शामिल रहा, परिसर के सभी छात्रावासों, समस्त अध्ययनशालाओं तथा प्रशासनिक भवन की पेयजल टंकियों का भौतिक एवं तकनीकी निरीक्षण पूर्ण किया गया है। आधुनिक मशीनों द्वारा सफाई के उपरांत वैज्ञानिक शुद्धिकरण की प्रक्रिया अपनाई गई है। नवभारत से चर्चा में कुल सचिव ने बताया की परिसर के उन सभी स्थानों का भी सूक्ष्म परीक्षण व निरीक्षण किया गया है। जहां बोरिंग संचालित हैं। विशेषज्ञों की टीम ने जल स्तर और शुद्धता की जांच कर स्रोत स्तर पर ही पानी को संक्रमण मुक्त सुनिश्चित किया है। जल भंडारण से लेकर वितरण प्रणाली तक संबंधित विभागों को जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए हैं ताकि उत्सव के दौरान जल-जनित रोगों की कोई संभावना न रहे।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

### मरीजों का जाना हाल, नवजात शिशुओं को देखा

**उज्जैन। जिला चिकित्सालय उज्जैन, चरक भवन में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर प्रदायगी व चिकित्सालय के सुचारू संचालन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बुधवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया।**

इस दौरान जिला चिकित्सालय के ओपीडी, फिजियोथेरिपी विभाग, दवाई वितरण केन्द्र का अवलोकन किया गया। समस्त प्रकार की आवश्यक औषधियों की निरन्तर उपलब्धता रख मरीजों को औषधि वितरित करने हेतु निर्देश दिये गये। प्रसूति वार्ड व शिशु वार्ड का भी अवलोकन कर गर्भवती महिलाओं को बेहतर प्रसूति सेवायें व निर्धारित डाईट चार्ट अनुसार गुणवत्तापूर्ण डाई वितरण करने हेतु निर्देश दिये गये। शिशु वार्ड मे भर्ती शिशुओं व एसएनसीयु में भर्ती नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल बेहतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने हेतु निर्देश दिये गये।

जिला चिकित्सालय में स्थापित सीटी स्केन विभाग का भी अवलोकन कर नागरिकों को यथासमय सीटी स्केन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये गये। जिला चिकित्सालय में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र ने बेड आक्यूपेंसी बढ़ाने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय कर अधिक से अधिक बच्चों को पोषण पुनर्वास में भर्ती करवाकर उनका पूर्ण प्रबंधन एवं निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार बच्चों को उपचार प्रदान करने हेतु निर्देश दिये गये। जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं एवं मधुर व्यवहार करने हेतु निर्देश दिये गये एवं समस्त प्रकार की आवश्यक औषधी एवं उपकरणों की उपलब्धता, पैथालॉजी जांच सेवायें उपलब्ध कराने व बेहतर साफ सफाई रखने, समस्त रिकार्ड अद्यतन रखने समस्त स्टॉफ को मुख्यालय पर ही रहकर कार्य करने हेतु निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान डॉ. अशोक कुमार पटेल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ डॉ. संगीता पलसानिया सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, डॉ.यूपीएस मालवीय शिशुरोग विशेषज्ञ व हिमांगी चौहान अस्पताल प्रबंधक भी उपस्थित थे।

### पेड़ पर लटका मिला शराबी वृद्ध का शव

**उज्जैन।** कुछ दिनों से लगातार शराब पी रहे वृद्ध का शव बुधवार को पेड़ पर लटका मिला। वही पति से अलग रहने महिला ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या की है। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया प्रेम एवेन्यू गेट के समीप पेड़ पर एक वृद्ध का शव लटका देख कुछ लोगों ने सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और पहचान के प्रयास किया तो फंदे पर लटका वृद्ध देवी लाल पिता फूल सिंह 55 वर्ष निवासी अपना नगर होना सामने आया। परिजनों के आने पर सामने आया कि तीन-चार दिनों से लगातार शराब पी रहे थे डॉक्टर ने शराब पीने से भी मना कर रखा था। सुबह घर से निकलने थे उसके बाद वापस नहीं लौटे थे। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। वही घटिया तहसील के ग्राम सैलारी में रहने वाली तनु भाई पति सोनू बंजारा 23 साल ने अपने घर का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे पुलिस में दरवाजा तोड़ा और शव को फंदे से उतारा। जिसे पोस्टमार्टम के लिए उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया है। परिजनों ने बताया कि 2022 में शादी हुई थी लेकिन पिछले डेढ़ साल से वह पारिवारिक बात के चलते मायके में रह रही थी। पुलिस के अनुसार जांच और परिजनों के बयानों के बाद ही फांसी लगाने की वजह सामने आ पाएगी।

## सेवानिवृत्त आर्मी अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट से कराया मुक्त

### पुलिस ने बैंक पहुंचकर राशि ट्रांसफर करने से रोका, बैंककर्मी की रही भूमिका

**उज्जैन। आर्मी से सेवानिवृत अधिकारी और उनकी पत्नी को मुंबई पुलिस बनकर कुछ बदमाशों ने डिजिटल अरेस्ट कर लिया था। सेवानिवृत अधिकारी बदमाशों को राशि ट्रांसफर करने के लिए बैंक पहुंचे थे, लेकिन बैंक के सीनियर एसोसिएट की समझदारी से पुलिस ने सेवानिवृत्त आर्मी अधिकारी को धोखाधड़ी से बचा लिया।**



पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर को लेकोड़ा में रहने वाले आर्मी से सेवानिवृत लेफ्टिनेंट नई सड़क स्थित एसबीआई बैंक पहुंचे थे और अपने खाते से 3 लाख का आरटीजीएस करने की बात कहने लगे। उनकी घबराहट और लगातार मोबाइल पर बातचीत होती देख बैंक के सीनियर एसोसिएट प्रियंक को संदेह हुआ उन्होंने अपनी परिचित खाचरौद एसडीओपी आकांक्षा को मामले की जानकारी दी। एसडीओपी ने उज्जैन पुलिस को सूचना दी। माधव नगर सीएसपी दीपिका शिंदे, कोतवाली सीएसपी राहुल देशमुख तत्काल बैंक पहुंच गए उन्होंने सेवानिवृत अधिकारी से जानकारी ली। पहले तो वह कुछ बताने को तैयार नहीं हुए लेकिन बाद में पुलिस की समझाइए पर उन्होंने घटनाक्रम बताया। उन्हें दो दिनों से डिजिटल अरेस्ट कर रखा था और मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर गिरफ्तारी का भय दिखाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक शर्मा के अनुसार मामले में आर्मी से सेवानिवृत अधिकारी को भय मुक्त कराया गया है और मामले की जांच शुरू की गई है।

### मृत मिले युवक की नहीं हुई पहचान

उज्जैन। ग्राम नईखेड़ी और रातडिया के बीच रेलवे ट्रेक से सोमवार देर शाम एक युवक की लाश क्षत-विक्षप्त हालत में भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बरामद की थी। शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया पहचान नहीं होने पर बुधवार को पोस्टमार्टम कराया गया। भैरवगढ़ थाना एएसआई राजेश सौराष्ठी ने बताया कि उज्जैन से रतलाम जा रही साबरमती एक्सप्रेस से गिरने पर युवक की मौत होना सामने आया है। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज और टिकट नहीं मिला है। मृतक की उम्र 40 से 45 साल के लगभग है। उसने आसमानी रंग की जींस, चाकेलटी रंग की जरकीन पहन रखी है। मंगलवार शाम तक कुछ पता नहीं चल पाया था। शव का पोस्टमार्टम कराकर दफनाने की प्रक्रिया पूरी की गई है।

### मनी लॉन्ड्रिंग का दिया गया था झांसा

पूछताछ में वृद्ध ने बताया कि वे सेवानिवृत्त आर्मी अधिकारी (लेफ्टिनेंट) हैं एवं अपनी पत्नी के साथ ग्राम लैकोड़ा में निवास करते हैं। बीते दिन दोपहर से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगातार स्वयं को मुंबई पुलिस अधिकारी बताकर कॉल किए जा रहे थे। ठगों द्वारा यह बताया गया कि उनके नाम की एक सिम का उपयोग मनी लॉन्ड्रिंग में हुआ है। उनका नाम ब्लैकलिस्ट हो गया है, अब तक 136 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और वे 137 वें नंबर पर हैं। विश्वास दिलाने के लिए व्हाट्सएप वीडियो कॉल के माध्यम से पुलिस कार्यालय जैसा दृश्य एवं पुलिस वर्दी में व्यक्तियों को दिखाया गया। उन्हें रात भर सोने भी नहीं दिया गया और कई तरह के सवाल किए जाते रहे। बैंक खुलने पर सुबह हुआ तत्काल एसबीआई शाखा नई सड़क पहुंचे थे।

### टोल कर्मचारी पर चाकू से किया हमला

**उज्जैन।** बिना टोल चुकाए कार को आगे बढ़ाने की बात पर हुए विवाद में बीती रात 4 युवकों ने टोल कर्मचारी पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस ने मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

उन्हेल-नागदा मार्ग पर बने चकरावदा टोल कर्मचारी अरुण पिता इंदर सिंह 27 वर्ष निवासी ग्राम जमालपुरा इंदौर रोड को चार युवकों ने चाकू मारकर घायल कर दिया था। टोल के अन्य कर्मचारी घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सूचना मिलने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल अरुण के बयान दर्ज किए गए। उसने बताया कि उन्हेल की ओर से कार टोल पर आकर रुकी थी। बैरियर बंद था। अन्य गाड़ियां भी टोल पर आई थी। कार को आगे बढ़ाने की बात चालक से कही गई तो उसमें सवार चार युवकों ने विवाद शुरू कर दिया। चारों कर से बाहर आए, दो के पास चाकू थे और दो के हाथों में लोहे के पाइप थे। चारों ने अचानक हमला कर दिया। चाकू और पाइप से उसे चोट लगी है। एसआई संेधव के अनुसार मामले में चार अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर कार दिल्ली पासिंग होना सामने आई है। हमला करने के बाद चारों कार से उज्जैन की ओर भागे हैं। जिनकी तलाश की जा रही है।

### तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट 9 जनवरी से

**उज्जैन।** दाऊदी बोहरा समाज की संस्था बुरहानी क्रिकेट क्लब द्वारा क्षीर सागर ग्राउंड पर तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 9 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित होगा, जिसमें देशभर से बोहरा समाज के खिलाड़ी उज्जैन पहुंचेंगे। मुर्तजा जरी वाला एवं खुजेमा चांदा भाई वाला ने जानकारी देते हुए बताया कि दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना अलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन की मंशा के अनुरूप यह आयोजन किया जा रहा है। उनका उद्देश्य है कि समाज के युवा सोशल मीडिया से दूर रहकर खेल और स्वस्थ गतिविधियों की ओर अग्रसर हों। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बुरहानी क्रिकेट क्लब द्वारा इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट का शुभारंभ 9 जनवरी, शुक्रवार को सुबह 9 बजे क्षीर सागर ग्राउंड पर होगा। आयोजन को लेकर संस्था द्वारा तैयारियां जोरों पर हैं। तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में दाऊदी बोहरा समाज की 12 टीमों द्वारा भाग लिया जाएगा, जिनके बीच लीग एवं नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार, 11 जनवरी को खेला जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक ने दो पहिया वाहनों पर लगाए गए एंटी डोर प्रोटेक्टर

**उज्जैन। पतंग उत्सव मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाया जायेगा। इससे पहले प्रतिबंधित चाइना डोर से बाइक सवारों का गला कटने की घटना सामने आ रही है। जिससे बचाव के लिये यातायात पुलिस ने दोपहिया वाहनों पर यू आकार का एंटी डोर प्रोटेक्टर सुरक्षा कवच लगाये।**



पतंगबाजी में उपयोग हो रही चाइना डोर खूनी साबित हो चुकी है। कुछ सालों से लगातार मकर संक्रांति से पहले प्रशासन द्वारा प्रतिबंध आदेश जारी किये जा रहे है। पुलिस भी चाइना डोर बेचने और पतंग उड़ाने वालों की धरपकड़ में लगी है, ताकि किसी का नाक-गला कटने की गंभीर घटना ना हो। इस सबके बीच यातायात पुलिस ने भी चाइना डोर से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिये अभियान शुरू किया। डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि दो पहिया वाहनों पर सुरक्षा के लिये एंटी डोर प्रोटेक्टर लगाये जा रहे है। जो यू आकार का सुरक्षा कवच है। इससे दो पहिया वाहन चलाते समय चाइना डोर सीधे गले या चेहरे पर आने से बच सकती है। यातायात पुलिस द्वारा दो पहिया वाहनों पर एंटी डोर प्रोटेक्टर लगाते समय उसके फायदे भी चालकों को बताये। एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा यातायात पुलिस द्वारा चाइना डोर से बचाव के लिये शुरू किये अभियान की प्रशंसा की।

**मंदिरों का दौरा** — श्रद्धालुओं को पर्व पर मिलेगा साफ पानी, मोतीनगर स्टॉपडेम से छोड़ा

## संभागायुक्त और कलेक्टर का दौरा, संक्रांति पर नहान के लिए शिप्रा में छोड़ा नर्मदा का पानी

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व पर उज्जैन की शिप्रा में श्रद्धालुओं के नहान के लिए प्रशासन ने नर्मदा का पानी छोड़ दिया है। धीरे-धीरे यह पानी आगे बड़ रहा है। पहले से पानी छोड़ने से श्रद्धालुओं को शिप्रा में पर्व के दौरान पर्याप्त व साफ पानी उपलब्ध हो सकेगा। शिप्रा के किनारे सिंहस्थ के लिए चल रहे घाट निर्माण के कारण अभी कई जगह पर नदी खाली पड़ी है तो मिट्टी की पाल बनाकर कई जगह पर पानी को रोका भी गया है। लेकिन मकर संक्रांति पर नाहन के लिए प्रशासन ने पानी जुटाने के लिए इतने दिन पहले से नर्मदा का पानी छोड़ा है। नर्मदा पाइप लाइन को चालू करवा दिया गया है। नर्मदा का पानी मोती नगर स्टॉप डेम से निचले हिस्से में छोड़ा दिया है। अधिकारियों को कहना है कि संक्रांति से पहले तक पूरी शिप्रा नदी नर्मदा के जल से भर जाएगी। फिलहाल तो लग रहा है कि इस बार संक्रांति पर श्रद्धालुओं को शिप्रा में नहान के लिए डुबकी लगाने के लिए साफ पानी उपलब्ध हो सकेगा।

### मंदिरों के सामने खुला एरिया रखा जाए ताकि शिखर दूर से दिखे



मंदिरों के सामने का एरिया खुला हो ताकि शिखर दूर से दिखे और लोग दर्शन कर सके। सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने बुधवार को ये बात मंदिरों के निरीक्षण में अफसरों से कही। कलेक्टर रौशन सिंह के साथ आशीष सिंह ने सिंहस्थ 2028 की व्यवस्था को ध्यान में रखते मंदिरों का निरीक्षण किया। चिंतामण गणेश मंदिर उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग, दर्शन व्यवस्था और धर्मशाला के स्थानों का चिन्हांकन योजना तैयार करने, श्री शनि मंदिर पर एडमिन ब्लॉक मंदिर के साइड में रखने, होल्डिंग एरिया बनाने, पहुंच मार्ग की चौड़ाई 10 मीटर से अधिक रखने, श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त छांव करने, वाहन पार्किंग सुविधा के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा। भूखी माता के निरीक्षण में यज्ञ शाला, भंडारे और बलि के लिए व्यवस्थित जगह बनाने व हरसिद्धि मंदिर में भी जरूरी निर्देश दिए ।

### पुंडरीक महाराज महाकाल दर्शन करने पहुंचे



उज्जैन। वृंदावन के प्रसिद्ध कथा वाचक पुंडरीक महाराज महाकाल के दरबार में दर्शन करने पहुंचे। वे परिवार के साथ यहां आए। उन्होंने गर्भगृह के बाहर से बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पुजारी ओम गुरु ने उनका पूजन संपन्न कराया व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। पुंडरीक महाराज इंदौर में कथा कर रहे हैं। इस दौरान वे धार्मिक नगरी उज्जैन पहुंचे और यहां मंदिरों में परिवार के साथ देव-दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### पुलिस अधीक्षक ने की अपराध नियंत्रण की समीक्षा

**उज्जैन।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उज्जैन द्वारा वर्ष 2026 की आगामी अवधि को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण समीक्षा एवं रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के सीएसपी, डीएसपी तथा सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिले की वर्तमान अपराध स्थिति की गहन समीक्षा की गई तथा वर्ष 2026 में संभावित चुनौतियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावी अपराध नियंत्रण रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीर एवं संवेदनशील अपराधों में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने, लंबित प्रकरणों एवं लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण, रात्रि गश्त एवं पेट्रोलिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

विशेष रूप से एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों की नियमित चेकिंग एवं निगरानी बढ़ाने तथा आदतन अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही जनसहयोग से पुलिसिंग को मजबूत करने, नागरिकों की शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों को वर्ष 2026 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सतर्क, सक्रिय एवं जवाबदेह रहकर कार्य करने के स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि उज्जैन जिला सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं अपराधमुक्त बनाए रखने हेतु पुलिस हर स्तर पर प्रभावी भूमिका निभाएं।